Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **अनूपगढ़ में ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *30 अप्रेल, मंगलवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर श्रीगंगानगर इकाई द्वारा आज अनूपगढ़ में कार्यवाही करते हुये **अजय कुमार ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर, कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, घड़साना, जिला अनूपगढ़** को परिवादी से **10 हजार रुपये** की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि ए.सी.बी. की श्रीगंगानगर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि ए.एन.एम. के पद पर संविदा के अनुबंध का बढ़ाने और ड्यूटी ज्वाईन कराने की एवज में अजय कुमार ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर, कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, घड़साना, जिला अनूपगढ़ द्वारा **18 हजार रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी बीकानेर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरविजन में एसीबी की श्रीगंगानगर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पवन कुमार मीणा** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **उप अधीक्षक पुलिस श्री वेदप्रकाश लखोटिया** द्वारा मय टीम के घड़साना, जिला अनूपगढ़ में ट्रेप कार्यवाही करते हुये आरोपी अजय कुमार ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर, कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, घड़साना, जिला अनूपगढ़ को परिवादी से **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से **8 हजार रुपये** रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्व अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**